# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, कौशाम्बी।

पत्र संख्या 308/निर्वा0–29 (अधि0–डाटा इन्ट्री आपरेटर)  दिनांक 21 अगस्त, 2019

मेसर्स डाटा लाइव कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी,
कटरा, प्रयागराज।

विषय– तहसील स्तर पर स्थापित किये गये मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर तैनात किये गये डाटा इण्ट्री आपरेटरों के पारिश्रमिक भुगतान के पश्चात कटौती प्रपत्र संख्या–2 उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0 218/निर्वाचन–29 (डाटा इण्ट्री आपरेटर) दिनांक 06 सितम्बर, 2018 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर डाटा इण्ट्री आपरेटर तैनात करने हेतु जिलाधिकारी महोदय की स्वीकृति दिनांक 04/09/2018 के अनुपालन में अनुबन्ध सम्बन्धी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। तत्क्रम में अवगत कराना है कि निविदा हेतु निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या 269/निर्वाचन–29 दिनांक 25/08/2018 के क्रमांक 10 के अनुसार सेवा प्रदाता संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये मानदेय धनराशि का कार्मिक के खाते में अन्तरण कराकर सर्विस टैक्स ई0पी0एफ0 एवं नियमानुसार अन्य वैधानिक चार्ज ई0एस0आई0 आदि का प्रत्येक माह की 15 तारीख तक जमा करके सम्बन्धित सभी प्रपत्र अगले माह के पारिश्रमिक से सम्बन्धित प्रस्तुत किये जाने वाले देयक के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जाना है। आप द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा इण्ट्री आपरेटरों को वित्तीय वर्ष 2018–2019 एवं 2019–2020 में भुगतान की गयी धनराशि का विवरण निम्नवत है:-

विवरण

(क) वित्तीय वर्ष– 2018–2019

| क्र0सं0 | तैनात आपरेटरों का विवरण | भुगतान के सापेक्ष कार्य अवधि | भुगतान की गयी धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री धर्मेन्द्र सिंह, तहसील– सिराथू | 01–10–18 से 30–11–18 तक | 92534–00 |
| | श्री मुस्तकीम, तहसील– सिराथू | 17–10–18 से 30–11–18 तक | |
| | श्री शिवम, तहसील– मंझनपुर | 06–10–18 से 30–11–18 तक | |
| | श्री चन्द्र प्रकाश, तहसील–चायल | 01–10–18 से 30–11–18 तक | |
| 2. | उपरोक्त | 01–12–18 से 31–12–18 तक | 50704–00 |
| 3. | | 01–01–19 से 31–01–19 तक | 50704–00 |
| 4. | | 01–02–19 से 28–02–19 तक | 50704–00 |

(ख) वित्तीय वर्ष– 2019–2020

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | श्री धर्मेन्द्र सिंह, तहसील– सिराथू | 01–03–19 से 31–03–19 तक | 50704–00 |
| | श्री मुस्तकीम, तहसील– सिराथू | | |
| | श्री शिवम, तहसील– मंझनपुर | | |
| | श्री चन्द्र प्रकाश, तहसील–चायल | | |
| 6. | उपरोक्त | 01–04–19 से 30–04–19 तक | 50704–00 |
| 7. | | 01–05–19 से 31–05–19 तक | 50704–00 |
| 8. | | 01–06–19 से 30–06–19 तक | 50704–00 |

(ग) वित्तीय वर्ष– 2019–2020

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 9. | श्री केदार नाथ पाण्डेय, जिला निर्वाचन कार्यालय | 01–03–19 से 31–03–19 एवं 01–04–19 से 30–04–19 तक | 17583–00 |
| 10. | | 01–05–19 से 31–05–19 तक | 12676–00 |
| 11. | | 01–06–19 से 30–06–19 तक | 12676–00 |
| योग – (क)+(ख)+(ग) | | – | 490397–00 |

उपर्युक्त विवरण के स्तम्भ –04 मे अंकित कुल धनराशि रूपये 490397–00 मात्र का भुगतान वित्तीय वर्ष–2018–2019 एवं 2019–2020 में किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ कार्यालय के पत्र संख्या 1300/सीईओ–4–13/4–2016 दिनांक 31–05–2017 के साथ संलग्न प्रपत्र–2 में दिये गये निर्देशानुसार अधिकृत सेवा प्रदाता संस्था के प्रतिनिधि के हस्ताक्षर के उपरान्त अनुरक्षित रखते हुये आपरेटरों के पारिश्रामिक भुगतान से सेवा कर, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई इत्यादि के भुगतान से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र (संलग्नक प्रपत्र–2) में 06 माह के उपरान्त एवं वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर संकलित रूप से जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराया जाना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न प्रपत्र–02 पर भुगतान से संबंधित वांछित सूचना संकलित करके उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को अवगत कराया जा सके।

संलग्नक–उक्तानुसार।

22.08.2019.

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
कौशाम्बी।